दिन– शनिवार दिनांक– 21 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। वज्रपात की घटना में गया में दो लोगों की मौत।

02 भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय निदेशक मंडल की छह सौ बाईसवीं बैठक पटना में सम्पन्न। वैश्विक तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रखने पर किया गया विचार–विमर्श।

03. राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के स्थानांतरण की नई नीति बनेगी। छह सदस्यीय समिति का किया गया गठन।

04. और, ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। इस दौरान कई जगहों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की भी खबर है। गया जिले के डुमरिया प्रखंड के छकरबंधा और वजीरगंज के कोल्हना गांव में वज्रपात की चपेट में आने से दो किसानों की मौत हो गयी। वहीं, पटना के मोकामा टाल क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आने से बारह मजदूर झुलस गये। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि तेज हवा के कारण जगह–जगह पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये। कई जगहों पर रेल परिचालन बाधित होने के भी समाचार हैं। इधर, आंधी –बारिश के कारण फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। आम और लीची की फसल की भी क्षति हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सारण, सीवान और वैशाली जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि आज भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। इस दौरान कटिहार, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाईट———

———————————————————

पटना में भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय निदेशक मंडल की छह सौ बाईसवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वैश्विक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने के उपायों की विस्तृत समीक्षा की गयी। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में

हुई बैठक में विशेष रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चिताओं, भू–राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजारों पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन किया गया। साथ ही मुद्रास्फीति नियंत्रण, बैंकिंग तंत्र को मजबूत करने तथा डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर चर्चा की गयी। बैठक में निदेशक मंडल ने आरबीआई के वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट को स्वीकृति दी। साथ ही वर्ष दो हजार छब्बीस से दो हजार उनतीस की अवधि के लिए मध्यम अवधि की रणनीतिक रूप रेखा उत्कर्ष थ्री प्वाइंट ओ को भी मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने आयकर नियम, दो हजार छब्बीस अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की तीन सौ वेबसाइट तथा एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि सट्टा और मटका जुआ नेटवर्क के साथ–साथ रियल मनी कार्ड और कैसीनो गेमिंग एप्लिकेशन पर भी कार्रवाई की गई है। अब तक कुल मिलाकर लगभग 8 हजार चार सौ ऐसी वेबसाइट को ब्लॉक किया जा चुका है।

———————————————————————

पैक्सों को वन स्टॉप संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। नीति आयोग की ओर से पटना में आयोजित कार्यशाला में दस राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच यह सहमति बनी। समापन सत्र में नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं से सरकारी सहयोग का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पैक्स स्वयं को इस स्तर तक विकसित करें कि वे अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा और सहयोग का स्रोत बन सकें। प्रोफेसर रमेश चन्द ने कहा कि बाजार उन्मुख दृष्टिकोण तथा गुणवत्ता आधारित प्रबंधन अपनाने से सहकारी संस्थाएं ग्रामीण आय में बढ़ोतरी का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकती हैं।

———————————————————————

ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य में सतासी लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं। श्री सिंह दिल्ली के यशोभूमि में चल रहे भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट में बिहार में ऊर्जा विकास, नवाचार, समावेशन और निवेश विषय पर चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार तीस

तक चौबीस गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। श्री सिंह ने कहा कि राज्य में अगले पांच वर्षों में इक्यासी हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य है।

———————————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के स्थानांतरण की नई नीति बनेगी। इसके तहत स्कूलों में शिक्षकों का समानुपातिकरण होगा और शिक्षकों की संख्या के लिए मानक बनेगा। शिक्षा विभाग के उप सचिव अजय सतीश भेंगरा ने बताया कि इसके लिए छह सदस्यीय समिति बनाई है। शिक्षा विभाग के सचिव को समिति का अध्यक्ष और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति पन्द्रह दिनों के अंदर नियमावली का ड्राफ्ट शिक्षा विभाग को सौंपेगी।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कहा है कि पच्चीस मार्च से पहले इंटरमीडिए की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में मैट्रिक की वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम भी प्रकाशित कर दिया जायेगा।

———————————————————————

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। अकीदतमंद ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर रहे हैं। राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग में ईद की नमाज अदा की गयी। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं।

ईद–उल–फित्र के अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में प्रार्थना की है कि यह पर्व करुणा, एकजुटता और शांति की भावना में और बढ़ोतरी करे। राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने ईद की बधाई दी है। इधर, ईद को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पटना, नालंदा, गया, नवादा और भागलपुर समेत

कई जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा संवदेनशील स्थानों पर केन्द्रीय बलों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

———————————————————————

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल से शुरू होगा। कल नहाय–खाय के साथ चैती छठ की शुरूआत होगी। तेईस मार्च को खरना होगा। वहीं, चौबीस मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पच्चीस मार्च को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चैती छठ का अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इधर, छठ को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गयी है। पटना में आठ गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। घाटों तक पहुंचने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत की जा रही है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती की गयी है। गंगा नदीयों में कल से पच्चीस मार्च तक नाव के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू राज्य सरकार के सभी विभागों में होने वाली सभी प्रकार की निविदा प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच और कार्रवाई करेगी। इसके लिए ईओयू के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष जांच टीम गठित की गई है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के दियारा क्षेत्र में अवैध बालू खनन के मामले में खनन निरीक्षक सौरभ अभिषेक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जादोपुर थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर यह कार्रवाई की। हालांकि, देर शाम गिरफ्तार खनन निरीक्षक अभिषेक सौरभ थाने से फरार हो गया। इधर, निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने नालंदा के नगरनौसा प्रखंड की पंचायत राज अधिकारी अनुष्का कुमारी को बारह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी एक संवेदक से घूस ले रही थी।

———————————————————————

बिहार विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में पूर्वी चंपारण जिले के हिमांशु कुमार को पहला स्थान, भागलपुर के मो. नौशाद करीम को दूसरा और पटना जिले की आयुषी आर्या को तीसरा स्थान मिला। ये सभी दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में आयोजित होने वाले भारत युवा संसद कार्यक्रम में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

———————————————————————

आसनसोल मंडल के विभिन्न खंडों में निर्माण कार्य के कारण कल जसीडीह–झाझा मेमू पैसेंजर, झाझा–देवघर मेमू पैसेंजर, बर्द्धमान–झाझा मेमू पैसेंजर, जसीडीह–बांका मेमू पैसेंजर समेत छह ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं देवघर–पटना मेमू को झाझा से आंशिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा धनबाद–पटना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से अस्सी मिनट विलंब से चलेगी।

————————————————————————

पटना में सम्पन्न द्वितीय बिहार महिला कबड्डी लीग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप स्कूटी दी गयी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने लीग की बेस्ट रेडर मुस्कान, बेस्ट डिफेंडर शिवानी और प्लेयर ऑफ सीजन– नैंसी प्रिया को स्कूटी प्रदान की।

————————————————————————

पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर फरक्का एक्सप्रेस से जीआरपी ने पांच तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अट्ठासी दुर्लभ प्रजाति के कछुए बरामद किए। गिरफ्तार सभी तस्कर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के रहने वाले हैं।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– आफतः तेरह जिलों में आंधी–बारिश, चार की मौत।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पटना में औद्योगिक डीजल के दाम में चौबीस रूपये पन्द्रह पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी।

दैनिक भास्कर ने समृद्धि यात्रा की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– नीतीश ने कहा– योजनाओं को तय समय में ही पूरा करें।

प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– पत्नी नौकरानी  नहीं, घर के काम में पुरूष भी समान रूप से हाथ बटायें।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– राज्य में एक सौ पन्द्रह खाद करोबारियों पर केस, चार सौ उनचास के लाईसेंस रद्द।

आज अखबार ने लिखा है– बिहार में बीपीएल परिवारों के घर की छत पर अब फ्री सोलर पैनल।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। वज्रपात की घटना में गया में दो लोगों की मौत।

02 भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय निदेशक मंडल की छह सौ बाईसवीं बैठक पटना में सम्पन्न। वैश्विक तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रखने पर किया गया विचार–विमर्श।

03. राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के स्थानांतरण की नई नीति बनेगी। छह सदस्यीय समिति का किया गया गठन।

04. और, ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।